# सामाजिक विज्ञान

## कक्षा 6

### Ch 11: आधारभूत लोकतंत्र भाग 2: ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय सरकार



To get notes visit our website

mukutclasses.in

# प्रश्न, क्रियाकलाप और परियोजनाएँ

**प्रश्न 1. स्वयं को जाँचिए - ऊपर दिए गए पाठ को देखे बिना क्या आप पंचायती राज व्यवस्था के तीन स्तर बता सकते हैं? तीनों स्तरों में प्रत्येक के मुख्य कार्य क्या हैं?**

उत्तर:- पंचायती राज के तीन स्तर और उनके कार्य:

1. ग्राम पंचायत (ग्राम स्तर): गाँव की सफाई, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य की देखरेख।
2. पंचायत समिति (ब्लॉक स्तर): ग्राम पंचायतों की निगरानी, विकास योजनाओं का क्रियान्वयन।
3. जिला परिषद (जिला स्तर): जिले भर की योजनाओं की योजना, बजट और निगरानी।

यह व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और भागीदारी के लिए बनाई गई है।

**प्रश्न 2. गाँव की सड़क के किनारे पड़ी प्लास्टिक थैलियों से संबंधित विषय पर सरपंच को पत्र लिखिए।**
उत्तर:-

सरपंच को पत्र — गाँव की सड़क के किनारे पड़ी प्लास्टिक थैलियों के संबंध में

सेवा में,
श्रीमान सरपंच जी,
ग्राम पंचायत — [अपने गाँव का नाम],
जिला — [जिले का नाम]।

विषय: सड़क किनारे पड़ी प्लास्टिक थैलियों की सफाई हेतु निवेदन।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि हमारे गाँव की मुख्य सड़क के दोनों किनारों पर बड़ी संख्या में प्लास्टिक की थैलियाँ और अन्य कचरा जमा हो गया है। इससे न केवल गंदगी फैल रही है, बल्कि वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। प्लास्टिक के कारण पशुओं को भी हानि पहुँच रही है, जो कभी-कभी इन्हें खा लेते हैं।

आपसे विनम्र अनुरोध है कि इस समस्या का समाधान शीघ्र कराया जाए। ग्राम में स्वच्छता बनाए रखने हेतु नियमित सफाई व्यवस्था तथा प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए।

आपकी कृपा हेतु हम ग्रामवासी सदैव आभारी रहेंगे।

सादर,
[आपका नाम]
[ग्राम का नाम]
[दिनांक]

**प्रश्न 3. आपके विचार से किस प्रकार का व्यक्ति ग्राम पंचायत का सदस्य हो सकता है?**
उत्तर:- मेरे विचार से ग्राम पंचायत का सदस्य वह व्यक्ति हो सकता है जो ईमानदार, जिम्मेदार, जनसेवी, स्थानीय समस्याओं से परिचित हो और गाँव के विकास के लिए समर्पित हो।

MUKUTclasses

**प्रश्न 4. मान लीजिए, आप एक गाँव के स्कूल में पढ़ते हैं। स्कूल राजमार्ग पर है तथा विद्यार्थियों को स्कूल आते-जाते समय सड़क पार करने में कठिनाई होती है। इस समस्या के समाधानों के विकल्प क्या-क्या हो सकते हैं? इसमें पंचायती राज की कौन-सी संस्थाएँ आपकी मदद कर सकती हैं? विद्यार्थी इसमें क्या कर सकते हैं?**

उत्तर:

**समाधान के विकल्प:**

1. सड़क पर ज़ेब्रा क्रॉसिंग और स्पीड ब्रेकर बनाया जाए।
2. स्कूल के पास यातायात संकेतक और सुरक्षा कर्मी तैनात हों।
3. अंडरपास या फुटओवर ब्रिज बनाया जाए।

**मदद करने वाली पंचायती राज संस्था:**

पंचायत समिति और जिला परिषद—वे सड़क सुरक्षा और निर्माण से जुड़ी योजनाएँ लागू कर सकती हैं।

**विद्यार्थी क्या कर सकते हैं:**

1. प्रधान या पंचायत समिति को आवेदन देना।
2. हस्ताक्षर अभियान चलाना।
3. शिक्षक के साथ मिलकर अधिकारियों से मिलना।

MUKUTclasses